## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**दिनांक : 26.05.2024** **समय : 1905**

- **मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने मत्स्य विभाग की मत्स्य दृष्टि नामक ई–मैग्ज़ीन का पहला संस्करण जारी किया।**
- **निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में चार जून को होनी वाली मतगणना के लिए मतगणना केन्द्र में प्रबंधनों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।**
- **अण्डमान निकोबार पुलिस ने जांच एजेन्सियों से झुठे ई–मेलों द्वारा धोखाधड़ी के खिलाफ सार्वजनिक सलाह जारी की है ।**
- **स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से बिना डॉक्टरी सलाह के खुद से दवाईयां लेने के संबंध में परामर्श जारी किया है।**
- **एम. वी. स्वराजद्वीप कल विशाखापतनम जाएगा।**

<><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने हाल ही में मत्स्य विभाग की मत्स्य दृष्टि नामक ई–मैग्ज़ीन के पहली एडिशन को जारी किया। सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में इस ई–मैग्ज़ीन को जारी करते हुए मुख्य सचिव ने द्वीपों में मत्स्यकीय और जल जीव के क्षेत्र में प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकासीय प्रयासों को मैगज़ीन के जरिए दर्शाने के लिए उनकी प्रशंसा की। इस मैग्ज़ीन ने द्वीपसमूह में समुद्री खाद्य के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण है। इसके अलावा मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड के तहत सूक्ष्म वित्तीय प्रयासों को भी शामिल किया गया है। इस ई–मैग्ज़ीन में मत्स्यकी के क्षेत्र में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध है। मैग्ज़ीन का प्रकाशन का उद्देश्य द्वीपों में निवेशकों को वाणिज्यिक मत्स्यकीय गतिविधियों विशेषकर जल जीव गहरे समुद्र में मत्स्यहरण और प्रबंधन पर किए जा रहे विकासीय कार्यों के साथ निवेशकों को भी आकर्षित करना है। मत्स्य दृष्टि ई–मैगज़ीन प्रशासन की वेबसाइट के अलावा मत्स्य विभाग के पास पाठकों की सुविधा के लिए उपलब्ध है।

<><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने मत्स्य विभाग की मत्स्य जल जीवशाला का दौरा किया। इस अवसर पर मत्स्य निदेशक विक्रम सिंह ने जल जीवशाला के प्रस्तावित विकासीय परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इससे पर्यटकों को समुद्री जैव विविधता के बारे में और अधिक जानने का अवसर मिलेगा। विभाग के उप–निदेशक ने भी इस संबंध में अपने विचार रखें। मुख्य सचिव ने इसमें और सुधार करने को कहा।

<><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना केन्द्र में प्रबंधनों की समीक्षा के लिए द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी ने जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, मतगणना केन्द्र में वोटो की गिनती सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए सभी अधिकारियों से ज़रूरी प्रबंधों को पूरा करने को कहा। उनहोंने कहा कि मतगणना केन्द्र में अधिकारियों को दिए गए ज़िम्मेदारी का भारतीय चुनाव आयोग की ओर से मतगणना के लिए जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा और उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्त्तव्यों का पालन करना होगा, ताकि द्वीपों में मतगणना पारदर्शी तरीके से कराया जा सके और किसी को भी कही से भी शिकायत करने का अवसर न मिले। उन्होंने सभी से इस दिशा में सहयोग की कामना की है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस ने जांच एजेन्सियों से झूठे ई–मेलों द्वारा धोखाधड़ी के खिलाफ सार्वजनिक सलाह जारी की है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में कथित तौर पर भारतीय साइबर अपराध और भारतीय साइबर दस्ते या आई. बी. और सी. बी. आई. जैसी सरकारी फर्जी एजेन्सियों के नाम पर धोखाधड़ी वाले ई–मेलों में काफी वृद्धि हुई हैं। यह नकली और मनगड़ंत पत्रों के साथ संलग्न होते है, जिन पर इनटेलिजेन्स ब्यूरों, केन्द्रीय जांच ब्यूरों या पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरों जैसी संस्थान के फर्जी लेटर–हेड होते है। यदि प्राप्तकर्ता सहयोग न करें तो वे गम्भीर कानूनी परिणामों की धमकी देते है। इन ई–मेल का उद्देश्य व्यक्तियों को डराना और उन्हें अपराधियों की नजायज मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर करना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आई.डी., सी.बी.आई. या पुलिस अनुसंधान ब्यूरों जैसी वैद्य कानून प्रवर्तन एजेन्सियां इस तरह के अनचाहे संचार में शामिल नहीं होती है। नागरिकों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध ई–मेल की सूचना अधिकारियों को देने को कहा गया है। पुलिस ने ऐसे घोटालों का शिखार होने से बचने और रोकने के लिए दोस्तों परिवारों और सहकर्मियों के बीच जागरूकता फैलाने को भी कहा है। किसी भी प्रकार की सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए द्वीपों की साइबर अपराध पुलिस थाना की हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क करने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग ने खुद से दवा लेने के गम्भीर मामलों पर परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि लोगों द्वारा अपने आप ही बिना डॉक्टरी सलाह के दवा लेने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। दवाईयों का उचित उपयोग न करने ओर उन दवाईयों से होने वाली प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी के अभाव में गम्भीर परिणाम हो सकता है और कई बार इस तरह की आदतें लोगों के जीवन के लिए खतरा भी उत्पन्न कर सकता है। परामर्श में आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे अपने आप ही दवा न लें। डॉक्टरों की सलाह और वैद्य दवा पर्ची के साथ दवाईयां खरीदें।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने क्वारी–हिल निवास सवित्री देवी बैद्य के निधन पर शोक प्रकट किया है। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से अनुसूचित जाति और ओ बी सी के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ग के उम्मीदवारों को बेहतर कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में शामिल हो सके और सरकारी, निजी क्षेत्रों में रोजगार पा सके या तकनीकी या पेशेवर उच्च शिक्षण संस्थानों में उनका दाखिला हो सके। एस सी और ओ बी सी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनकी पारिवारिक आमदनी सालाना किसी भी स्रोत से आठ लाख रूपये या उससे कम है, वे निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों के पास वैध आधार नम्बर और बैंक खाता होना जरूरी है। आवेदन करते समय यदि किसी विद्यार्थी के पास आधार नम्बर नहीं है, तो वे ई आई डी नम्बर जमा कर सकते हैं। हालांकि इस मामले में भुगतान तभी जारी किया जाएगा, जब आवेदक के पास आधार नम्बर होगा और उन्हें यह भुगतान आधार सिडेड बैंक खाते में ही हो पाएगा। इस बारे में और जानकारी के लिए उम्मीदवारों को दिए गए पोर्टल पर सीधे आवेदन करना होगा। इस महीने की इक्कतीस तारीख आवेदन करने की अंतिम तिथि हैं।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल दिन में बारह बजे आरंभ होगा। जहाज कल दिन में दो बजे हैड़ो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

मायाबंदर में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इस क्षेत्र में एक सौ अट्ठाईस दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। लौंग आइलैण्ड में छब्बीस, पोर्ट ब्लेयर में सोलह दशमलव दो, कार–निकोबार में नौ, हटबे में चार दशमलव छः और वायु सेना कार–निकोबार में एक दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले पांच दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। समुद्र के काफी अशांत रहने के कारण मछुआरों को उनतीस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>